le: Need to expedite the construction of Four Lane Roads from Pinjore via Nalagarh and bridge.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): माननीय सभापति जी, मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी के ध्यान में एक विषय लाना चाहता हूं, मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बाला के अंतर्गत पंचकूला जिले के पिंजौर वाया नालागढ़ फोर लेन व पुल तथा सूरजपुर वाया बद्दी पुल बहुत बुरी दशा में है । इस कारण आए दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और हाईवे पर ट्रैफिक बढ़ता जा रहा है । बरसात के दिनों में सड़कों पर गड्ढे होने से जल भराव भी काफी बढ़ जाता है । इस कारण सड़कों पर दुर्घटनाओं का होना स्वाभाविक है । माननीय मंत्री जी के नेतृत्व में पिंजौर वाया नालागढ़ फोर लेन व पुल तथा सूरजपुर वाया बद्दी पुल का शिलान्यास किया गया था, परंतु अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है ।

महोदय, मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि बढ़ते हुए ट्रैफिक व आए दिन सड़कों पर बढ़ रही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पिंजौर वाया नालागढ़ फोर लेन व पुल तथा सूरजपुर वाया बद्दी पुल का कार्य अतिशीघ्र पूरा किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में आसानी हो और साथ ही ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिल सके ।

मैं आदरणीय मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में फोर लेन सड़कों का जाल बिछाया है । धन्यवाद ।